# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–06 मार्च 2025 सान्ध्य समाचार

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखपुर के बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में **मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान** के तहत गोरखपुर और बस्ती मंडल के लाभार्थियों को अपने हाथों से ब्याज मुक्त ऋण का चेक प्रदान किया। इस योजना से गोरखपुर बस्ती मंडल के करीब दो हजार पांच सौ युवा लाभान्वित होंगे। मुख्यमंत्री ने एक जनपद एक उत्पाद ओडीओपी योजना के तहत दोनो मंडलों के दो हजार एक सौ प्रशिक्षणार्थियों को टूल किट भी वितरित किया।

इस अवसर पर युवाओं को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हमेशा कहते हैं कि युवा देश की ऊर्जा हैं। उन्हें सही राह दिखाकर उचित अवसर प्रदान किए जाने की आवश्यकता है। प्रधानमंत्री मोदी की इसी प्रेरणा से डबल इंजन की भाजपा सरकार ने प्रदेश के अंदर दस लाख नए युवा उद्यमी को तैयार करने के अभियान को अपने हाथ में लिया है। प्रदेश का युवा अब नौकरी देने की स्थिति में पहुंच चुका है।

**उत्तर प्रदेश में छियानबे लाख एमएसएमई यूनिट है। और अब हमारा युवा केवल जाब लेने के लिए नहीं जाब देने का भी कार्य कर रहा है। वह अब नौकरी देने का काम कर रहा है। हर एमएसएमई यूनिट में एक से लेकर के दस लोगों को कम से कम वह कार्य दे सकता है। इतने नये रोजगार का सृजन होगा। और उत्तर प्रदेश के छियानबे लाख एमएसएमई यूनिट तीन करोड़ से अधिक युवाओं को और तीन करोड़ से अधिक लोगों को अपने प्रदेश में काम दे रहा है।**

इससे पहले मुख्यमंत्री ने आयोजन स्थल पर लगी विशेष प्रदर्शनी का अवलोकन किया। एमएसएमई विभाग की तरफ से इस मौके पर एक लघु फिल्म का भी प्रदर्शन किया गया।

**********

कौशांबी जिले में आज सुबह यूपी एसटीएफ और पंजाब पुलिस ने संयुक्त अभियान चलाकर पाकिस्तान की आईएसआई से जुड़े बब्बर खालसा इंटरनेशनल गुट के एक सक्रिय आतंकी लाजर मसीह को गिरफ्तार किया। पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने बताया कि यह आतंकी अमृतसर का निवासी  है।

**इस आप्रेशन के तहत दिनांक 6/3/25 को बब्बर खालसा इटरनेंशनल एवं आईएसआई के मजबूल का सक्रिय आंतकवादी लाजर मसीह को कौशांबी से गिरफ्तार किया गया है।**

वहीं, अपर पुलिस महानिदेशक कानून व्यवस्था अमिताभ यश ने बताया कि गिरफ्तार आतंकी पाकिस्तान स्थित आईएसआई के गुर्गों से सीधे संबंधित है। यूपी एसटीएफ ने आतंकी के पास से विस्फोटक सामग्री और अवैध हथियार बरामद किए हैं। हमारे प्रतिनिधि ने बताया कि बीते वर्ष चौबीस सितंबर को पंजाब पुलिस की न्यायिक हिरासत से यह आतंकी फरार हो गया था।

**********

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आठ मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में एक राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करेंगी। महिला और बाल विकास मंत्रालय द्वारा आयोजित इस सम्मेलन का विषय है "नारी शक्ति से विकसित भारत"। इसके साथ ही "शी बिल्ड्स भारत" हैशटैग के साथ एक सोशल मीडिया अभियान भी आयोजित किया जा रहा है।

**********

जौनपुर जिले के इक्कीस ब्लॉकों में सोलर लाइट्स के रखरखाव के लिए एक हजार सात सौ चौतींस सूर्य सखियों की तैनाती की जाएगी। जिले के उपायुक्त स्वतः रोजगार ओम प्रकाश यादव ने बताया कि सूर्य सखियों की तैनाती की चयन प्रक्रिया ग्रामीण आजीविका मिशन की ओर से शुरू कर दी गई है। इसके तहत स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को काम देने की तैयारी है। गांवों में सौर ऊर्जा के लिए सोलर प्लेटों को लगवाने के साथ ही उसकी तकनीकी कमियों को दूर करने की जिम्मेदारी सूर्य सखियों की होगी। यह लोगों को सौर उर्जा के प्रति जागरूक भी करेंगी।

**********

वाराणसी जिले के शहरी क्षेत्र में इक्यासी प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों में कल ह्यूमन पेपिलोमावायरस–एचपीवी वैक्सीन लगाई जाएगी। यह जानकारी वहां के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संदीप चौधरी ने दी। उन्होंने बताया कि सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए यह वैक्सीन नौ से चौदह वर्ष तक की किशोरियों को अभिभावकों से सहमति पत्र लेकर लगाया जाएगा। इस टीके की मदद से महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर के मामलों को नब्बे फीसदी तक कम किया जा सकता है।

**********

कुशीनगर जिले के इकतीस पीएम श्री कम्पोजिट विद्यालयों में से आठ  उच्च प्राथमिक विद्यालयों में लगभग एक करोड़ एक लाख रुपये  की लागत से मल्टी स्टोरी भवन बनाये जाएंगे। यह जानकारी जिला बेसिक शिक्षा आधिकारी डॉ. रामजियावन मौर्य ने दी। उन्होंने बताया कि इन स्कूलों में बनने वाली दो मंजिला भवनों में अतिरिक्त क्लास रूम,हॉल और सीढ़ी सहित अन्य बुनियादी सुविधांए भी होंगी।

**********

मौसम विज्ञान विभाग ने इस सप्ताह मौसम के शुष्क रहने का पूर्वानुमान व्यक्त किया है। विभाग द्वारा जारी दैनिक मौसम पूर्वानुमान बुलेटिन के अनुसार पूर्वी उत्तर प्रदेश में अगले चौबीस घंटे के बाद अधिकतम तापमान में तीन से पांच डिग्री सेल्सियस की क्रमिक बढ़ोत्तरी की संभावना है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में भी अगले पांच दिनों में अधिकतम तापमान में तीन से पांच डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होगी। वहीं न्यूनतम तापमान में भी दो से चार डिग्री सेल्सियस की क्रमिक बढ़ोत्तरी की संभावना है।

**********